राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

रेलवे अधिकारियों ने किया जयपुर जंक्शन पर स्वागत

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र माउंट आबू रवाना

जयपुर, 22 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र रविवार दोपहर को ग्रीष्मकालीन प्रवास के लिए माउंट आबू रवाना हुए।

राज्यपाल श्री मिश्र रविवार दोपहर दो बजे जयपुर जंक्शन से वाराणसी-अहमदाबाद एक्सप्रेस द्वारा आबू रोड जंक्शन रवाना हुए । जयपुर रेलवे मण्डल के एडीआरएम श्री मनोज गर्ग सहित रेलवे के अधिकारियों ने जयपुर जंक्शन पर उनका स्वागत किया । अजमेर डीआरएम श्री नवीन कुमार परसुरामका ने भी ट्रेन में राज्यपाल श्री मिश्र से शिष्टाचार भेंट की।